हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, सोमवार, 29 सितंबर 2025




# दिव्यांगता जांच एवं निदान शिविर को अच्छा प्रतिसाद

## > दिव्यांगों के लिए यूडीआईडी कार्ड बनाने नगर निगम की विशेष पहल

**नागपुर.**

नागपुर नगर निगम द्वारा किए गए दिव्यांगता सर्वेक्षण में यह पाया गया है कि कई दिव्यांगों के पास यूडीआईडी कार्ड नहीं हैं। ऐसे दिव्यांगों के लिए यूडीआईडी कार्ड बनाने हेतु नगर निगम के स्वास्थ्य एवं सामाजिक विकास विभाग द्वारा शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से एक विशेष दिव्यांगता जांच एवं निदान शिविर का आयोजन किया गया है। 9 अक्टूबर तक चलने वाले इस शिविर को शहरवासियों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। नगर निगम ने दिव्यांगजन भाइयों से इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।





**361 दिव्यांगों का यूडीआईडी कार्ड जारी :** दिव्यांगता सर्वेक्षण में यूडीआईडी कार्ड से वंचित पाए गए अस्थि रोग श्रेणी के दिव्यांगों के लिए यह शिविर 22 सितंबर से 9 अक्टूबर, 2025 तक शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर के पेइंग वार्ड में आयोजित किया गया है। अब तक इस शिविर में 361 दिव्यांगों की जांच की जा चुकी है और उनके यूडीआईडी कार्ड बनाए जा चुके हैं। महानगरपालिका की आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए जोनवार सर्वेक्षण के अनुसार, शहर में कुल 70 हज़ार 884 से अधिक संभावित दिव्यांगजन हैं।

इनमें से 24 हज़ार 638 अस्थि दिव्यांगजन श्रेणी के हैं, जिनमें से 9476 के पास यूडीआईडी कार्ड हैं। जबकि 15 हज़ार 162 के पास यूडीआईडी कार्ड नहीं हैं। इन सभी संभावित दिव्यांगजनों की जांच कर उन्हें यूडीआईडी कार्ड प्रदान करने के लिए, नागपुर महानगरपालिका चरणबद्ध तरीके से दिव्यांगता जांच एवं निदान शिविर का आयोजन करेगी। पहले चरण में, 50 वर्ष से कम आयु के संभावित अस्थि दिव्यांगजनों की जांच एवं निदान करने तथा उन्हें यूडीआईडी कार्ड प्रदान करने हेतु यह विशेष शिविर शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर के पेइंग वार्ड में आयोजित किया जा रहा है।

**नागपुर में दिव्यांगता जांच शिविर में सक्रिय समन्वय :** मनपा आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी के निर्देशानुसार शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में दिव्यांगता जांच शिविर संचालित है। अपर आयुक्त वसुमना पंत, वैष्णवी बी., उपायुक्त डॉ. रंजना लाडे और चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपक सेलोकर के मार्गदर्शन में शिविर का सफल संचालन हो रहा है। डीन डॉ. राज गजभिये, अधीक्षक डॉ. अविनाश गावंडे एवं टीम के सहयोग से यह कार्य जारी है। शिविर की जानकारी और उपस्थित होने हेतु मनपा द्वारा दिव्यांगों को एसएमएस और फोन के माध्यम से सूचित किया जा रहा है, साथ ही सभी आवश्यक सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है।

### शिविर 9 अक्टूबर तक शासकीय मेडिकल कॉलेज में चलेगा

सभी विभागों के समन्वय से शुरू किये जा रहे इस शिविर को संभावित दिव्यांगों से भी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। 22 से 26 सितंबर 2025 तक पांच दिनों तक चले शिविर में 361 दिव्यांगजनों की जांच कर यूडीआईडी कार्ड के लिए पंजीकरण किया गया है। शिविर में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के मेडिसिन, हड्डी रोग, बाल रोग, फिजियोथेरेपी और व्यावसायिक चिकित्सा विभागों के विशेषज्ञों की टीम प्रतिदिन सेवाएं प्रदान कर रही है। शिविर 9 अक्टूबर तक, शनिवार, रविवार और छुट्टियों को छोड़कर, सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक चलेगा।

# चोरी के 3 शातिर आरोपी गिरफ्तार

## 4.5 लाख का माल जब्त, वाड़ी पुलिस की कार्रवाई

**नागपुर.**



वाड़ी पुलिस ने तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार किये हैं। पुलिस ने एल्यूमीनियम और कॉपर वायर सहित कुल 4.5 लाख रुपये का माल जब्त किया है। फरियादी विनोद नामदेव कानतोडे (45) साईनाथ इलेक्ट्रिक कंपनी में सुपरवाइजर हैं। उन्होंने शिकायत दी कि 8 से 9 सितंबर के बीच उनके गोदाम से एल्यूमीनियम और कॉपर वायर (कुल 2132 मीटर, लगभग 3,34,708 रुपये का माल) चोरी हो गया। पुलिस जांच में संचित कुमार शत्रुघ्न सिंग (20) और दीपक कुमार फेकन महतो (20), बिहार के रहने वाले युवक, चोरी के आरोपी पाए गए। दोनों ने चोरी की बात कबूल की। इसके अलावा उन्होंने तीसरे आरोपी, योगेश रामबिहारी शाहू (26), को माल बेचने की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एल्यूमीनियम तार के 240 किलो टुकड़े और चोरी में इस्तेमाल टाटा एस गाड़ी (एमएच 31 ईएन 0851) बरामद किये। मामले में आगे की जांच जारी है।

# शहर में बाल यौन शोषण के दो मामले हुए दर्ज

**नागपुर.**



शहर के कामठी और अजनी पुलिस थाना अंतर्गत बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के दो चौंका देने वाले मामले सामने आए हैं। अजनी इलाके में एक 10 साल की बच्ची के साथ दुर्व्यवहार का आरोप है, तो वही कामठी में एक 7 साल की बच्ची के सामने अश्लील हरकत करने का आरोप दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट के तहत मामले दर्ज किये हैं। अजनी के भगवान नगर इलाके में 19 सितंबर की सुबह एक चौंका देने वाली घटना घटी। शिकायत के मुताबिक, 40 वर्षीय सौतेले पिता ने सुबह करीब 7:00 से 7:30 के बीच 10 साल की एक बच्ची के साथ यौन दुर्व्यवहार किया। बच्ची उस समय सो रही थी। आरोप है कि आरोपी ने बच्ची के साथ अश्लील हरकत कर उसका विनयभंग किया। इससे बच्ची की मानसिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा। घटना का पता तब चला जब बच्ची ने बाद में अपने दादा को यह बात बताई। बाद में इस घटना की शिकायत पुलिस से की गई। कामठी के वारिसपुरा इलाके में 26 सितंबर को दूसरी सनसनीखेज घटना घटी। यहां आरोपी मुस्तकिम शहबाज अंसारी (46 वर्ष) पर 7 साल की एक बच्ची के सामने अश्लील हरकत करने का आरोप है। शिकायत के अनुसार, बच्ची आरोपी के किराना दुकान पर स्कूल के लिए ड्राइंग क्ले लेने गई थी। आरोपी ने बच्ची को दुकान के अंदर बुलाया और उसके साथ अश्लील हरकत की। इस घटना से डरी हुई बच्ची वहां से भागकर घर पहुंची और अपनी मां को सारी बात बताई। मां ने बच्ची को लेकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# बॉलीवुड फिल्म 'होमबाउंड' की स्पेशल स्क्रीनिंग का भव्य आयोजन

**नागपुर.** उपराजधानी नागपुर में बॉलीवुड फिल्म 'होमबाउंड' की स्पेशल स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया, जिसमें फिल्म जगत से जुड़े कलाकारों, शहर के नामचीन हस्तियों और सिनेमा प्रेमियों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। यह विशेष कार्यक्रम वैराइटी चौक स्थित इटर्निटी मॉल के मूवी मैक्स थिएटर में आयोजित हुआ, जहाँ उपस्थित सभी ने फिल्म का आनंद लिया। फिल्म 'होमबाउंड' की कहानी दोस्ती के भाव पर आधारित है, जो रिश्तों की गहराई, निर्देशक नीरज घायवान ने इस मौके पर बातचीत में बताया कि यह फिल्म केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दोस्ती और मानवीय भावनाओं की सजीव प्रस्तुति है। निर्देशक नीरज घायवान ने नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सिनेमाघरों में जाकर इस फिल्म को देखें और इसके माध्यम से एक भावनात्मक यात्रा का अनुभव करें।

# नंदनवन में चाकू दिखाकर युवक से छीनी गाड़ी

## > पुलिस ने साथी सहित किया गिरफ्तार

**नागपुर.**

नंदनवन थाना क्षेत्र के हिरवी नगर ओ.सी.डब्ल्यू कार्यालय के सामने हुई एक वारदात ने इलाके में सनसनी फैला दी। गुरुवार देर रात करीब 9:30 के दौरान 28 वर्षीय युवक वैभव कानपुरे, जो जय भीम चौक में किराए पर रहता है, अपनी एक्टिवा गाड़ी (एमएच-31 वीएस 3497) से जा रहा था। रास्ते में फोन आने पर उसने अपनी गाड़ी सड़क किनारे खड़ी कर थोड़ी दूरी पर फोन पर बात करना शुरू किया। इसी दौरान उसी की बस्ती में रहने वाले दो युवक – जिनमें से एक का नाम इमरान और दूसरे का नाम शोएब पटेल बताया जा रहा है मौके पर पहुंचे और उसकी काली रंग की एक्टिवा लेकर भागने लगे। शिकायतकर्ता ने जब आरोपियों से गाड़ी ले जाने का कारण पूछा, तो उन्होंने गाली-गलौच की और आरोपी शोएब पटेल ने चाकू दिखाकर डराया। इसके बाद जबरन गाड़ी छीनकर आरोपी फरार हो गए। फिर्यादी की शिकायत पर नंदनवन पुलिस ने चोरी समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। बाद में इन दोनों आरोपियों को पुलिस ने ढूंढ कर गिरफ्तार किया है बताया जा रहा है कि शोहेब पटेल को जुलाई महीने में ही नागपुर परिक्षेत्र से तड़ीपार किया गया था बावजूद इसके वह शहर में अपने साथी समेत इस लूटपाट में लिप्त पाया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई दुपहिया गाड़ी और चाकू भी बरामद किया है।



# पुलिस ने धर दबोचा शातिर चेन स्नैचरों को, 1.90 लाख का माल बरामद

**नागपुर.**

सक्करदरा थाना क्षेत्र में हुई चेन स्नेचिंग की वारदात का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने 2 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1.90 लाख रुपये का माल जब्त किया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम आदिवासी प्रकाश नगर निवासी टीपू सुल्तान अशफाक शेख (24) और ओमनगर निवासी स्वप्निल उर्फ काका भिमराव मोटघरे (40) बताए गए हैं। दोनों ही आदतन अपराधी हैं और चोरी के वाहन का उपयोग कर चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1.30 लाख रुपये की सोने की चेन, एक मोबाइल और चोरी की दोपहिया वाहन (एमएच31/ईएक्स-7472) समेत कुल 1.90 लाख रुपये का माल जब्त किया। घटना 69 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक भागवत पुंडलिक वघाले के साथ सुबह करीब 7.30 बजे सुभेदार लेआउट में घर से निकलते समय हुई थी। वरिष्ठ नागरिक के साथ हुई इस गंभीर वारदात को देखते हुए जोन-4 की डीसीपी रश्मिता राव ने तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए।

**काका निकला बड़ा चोर :** जांच में पहले टिपु शेख पुलिस के हत्थे चढ़ा। कोर्ट से रिमांड पर लेकर पूछताछ करने पर उसने अपने साथी काका का नाम बताया।



करीब दो दिन की तलाश के बाद पुलिस ने काका को भी गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि वारदात में उपयोग किया गया वाहन भी चोरी का था, जिसे काका ने बजाजनगर थाना क्षेत्र से 10 दिन पहले चुराया था। साथ ही वह बजाजनगर में हुई वाहन चोरी और सोनेगांव में चेन स्नैचिंग मामलों में भी फरार चल रहा था।

**पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है :** इस कार्रवाई का मार्गदर्शन डीसीपी रश्मिता राव और सहायक पुलिस आयुक्त प्रदीप सिरसकर ने किया। जबकि पीआई काकडे, एपीआई पांडे, कालसर्पे, चुटे, ढुमने, रांगणकर और टेंभरे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पांचपावली में हथियारों से लैस बदमाशों का युवक पर जानलेवा हमला

## > पांच अपराधी लगे पुलिस के हाथ

**नागपुर.**

पाचपावली थाना क्षेत्र में बीती रात एक युवक पर तलवार और अन्य घातक हथियारों से लैस बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना श्री कामनाथ स्वामी अखाड़ा मंदिर के सामने, खैरीपुरा रोड पर हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रात करीब 11:30 से 12:00 बजे के बीच, साहिल उर्फ भिम दिनेश मुलचंद पडधान(21) लालगंज खैरिपुरा निवासी अपने मित्र सत्यम शिर्के के साथ खड़ा था। तभी आरोपी शुभम मनोहर मेश्राम (25), शिवम उर्फ दाल भाजी अनिल खोत (26), अभिषेक उर्फ कड़ी गणपती पराते (24) और हिमांशु सोनकर (21) सहित अन्य आरोपी मोटरसाइकिल और मोपेड से पहुंचे।



आरोपियों के पास तलवार, चाकू, डंडे और लोहे की रॉड जैसे घातक हथियार थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी शुभम मेश्राम ने साहिल के गले पर तलवार रखते हुए धमकी दी और वार किया, लेकिन साहिल ने वार चकमा देकर अपनी जान बचाई। इस बीच आरोपी शिवम खोत ने गालियां दीं। पीड़ित युवक और उसका साथी वहां से भाग निकले। आरोपियों ने हथियारों के साथ उनका पीछा किया। फरियादी के अनुसार, आरोपी मयूर दातऱ्या (20), आरोपी हिमांशु सोनकर (21) और आरोपी रोहित पागोटे भी इस हमले में शामिल थे। हालांकि बाद में साहिल और उसके दोस्त ने एक होटल में पनाह लेकर अपनी जान बचा ली । इस घटना के बाद ये पांचो आरोपी खैरिपुरा रेलवे पटरी के पास डकैती की योजना बनाते हुए पुलिस के हाथ लगे थे। आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जारी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शुभम मेश्राम पर अवैध शराब और एनडीपीएस के 3 अपराध पहले से दर्ज हैं, जबकि आरोपी शिवम खोत पर मारपीट सहित 3 अन्य अपराध दर्ज हैं। पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उनके एक फरार साथी की तलाश कर रही है।

# दाभा में महिला से 55 हज़ार रुपये का मंगलसूत्र झपटकर आरोपी फरार

**नागपुर.** गिट्टी खदान के दाभा क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। 48 वर्षीय ललिताबाई दुलिचंद टेंभरे, जो घर-घर जाकर कपड़े धोने और बर्तन साफ़ करने का काम करती हैं, अपने काम से लौट रही थीं। दोपहर लगभग 3 बजे धर्मपेठ स्टार बस स्टॉप से उतरकर जब वे पैदल घर जा रही थीं, तभी एक अज्ञात युवक ने रास्ता पूछने के बहाने उनसे बातचीत की। युवक की उम्र लगभग 26 से 30 वर्ष बताई जा रही है। उसने खुद को मददगार बताकर महिला को अपनी बाइक पर बैठाया और रास्ते में दाभा चौक के पास शिबिर खुलने की बात कहते हुए उन्हें वहां उतार दिया। इसी दौरान आरोपी ने महिला के गले से लगभग 1 तोला वज़न का, 55 हज़ार रुपये कीमत का सोने का मंगलसूत्र झपट लिया और मौके से फरार हो गया।

# शहर में एक ही दिन में तीन बड़ी चोरी की वारदातें

## 4.67 लाख का सामान हुआ चोरी

**नागपुर.** शहर के अलग-अलग इलाकों में एक ही दिन में तीन बड़ी चोरी की वारदातों ने पुलिस की नींद उड़ा दी है। नंदनवन, वाडी और एमआईडीसी थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने करीब 4.67 लाख रुपये के नकद, इलेक्ट्रॉनिक सामान और सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिए। पहली वारदात नंदनवन इलाके के 'गेमिन कैफे' नामक दुकान में हुई। मालिक ऋषि चंद्रशेखर ने पुलिस को बताया कि 25 सितम्बर की रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर वह घर गए थे। 26 सितम्बर की सुबह 10:30 बजे दुकान पहुंचने पर पाया कि शटर के दोनों ताले टूटे हुए हैं। दुकान से सोनी कंपनी के प्ले स्टेशन, कंट्रोलर, सीपीयू, प्रोसेसर, ग्राफिक कार्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान मिलाकर करीब 2 लाख 91 हजार 300 रुपये का माल चोरी हो गया। दूसरी घटना वाडी के दावला मेटी इलाके की है। यहां रहने वाले दिपु नामदेवराव तन्हानकर, जो पेशे से भिक्षु हैं, 25 सितम्बर को प्रज्ञा बौद्धविहार में ठहरे हुए थे। इस दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर 42 हजार रुपये नकद उड़ा लिए। तीसरी वारदात एमआईडीसी थाना क्षेत्र के महाजनवाड़ी वानाडोंगरी इलाके में हुई। यहां सचिन प्रभाकरराव ठाकरे और उनका परिवार विवाह समारोह में गया हुआ था। घर में ताला लगा था। इसी बीच चोरों ने सूटकेस में रखे सोने-चांदी के गहने और 5 हजार रुपये नकद समेत कुल 1 लाख 72 हजार रुपये का माल चुरा लिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नागरिकों में दहशत का माहौल है।

# मनी लॉन्ड्रिंग का डर दिखाकर ठगों ने उड़ाए लाखों

**नागपुर.**

शहर के साइबर पुलिस थाने में एक साइबर फ्रॉड का मामला दर्ज हुआ है जहां ठगों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर एक महिला को ऑनलाइन जाल में फंसाया और उसे डिजिटल अरेस्ट करने का डर दिखा कर उसके बैंक खाते से 12 लाख 15 हज़ार 998 रुपये निकाल लिए। मिली जानकारी के मुताबिक, दिनदयाल नगर की रहने वाली 48 वर्षीय महिला का बेटा अमेरिका में और रहता है और महिला घर में अकेली रहती है। 17 सितंबर की दोपहर उनके मोबाइल पर कुछ लोगों ने कॉल किया और बताया कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता खोलने के लिए किया गया है, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग हो रही है। बाद में ठगों ने वीडियो कॉल पर पुलिस की वर्दी पहनकर खुद को अधिकारी बताया और महिला को तीन दिन तक व्हाट्सऐप कॉल पर "डिजिटल अरेस्ट" में रखा।




इस दौरान महिला के भारतीय स्टेट बैंक खाते और एफडी से पैसे निकालकर ठगों ने बताए गए खातों में आरटीजीएस व ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। ठगों ने महिला को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर रकम वसूल की।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।

# आज होगा बहुप्रतीक्षित रमानगर पुलिया का लोकार्पण

## > गडकरी के हाथों उद्घाटन, क्षेत्र को मिलेगी नई रफ्तार
## > बावनकुले, जैसवाल, कुंभारे की रहेंगी उपस्थिति





**कामठी, सौमित्र नंदी**

कामठी शहर को ग्रामीण अंचल से जोड़ने वाली बहुप्रतीक्षित रमानगर पुलिया का भव्य लोकार्पण समारोह सोमवार, (29) को आयोजित किया जा रहा है। यह पुलिया इस क्षेत्र के निवासियों के लिए यातायात और कनेक्टिविटी को सुगम बनाने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगी। यह गौरवशाली लोकार्पण समारोह भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के शुभहस्ते आज सुबह 9 बजे संपन्न होगा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इनमें महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री और नागपुर तथा अमरावती जिले के पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, मंत्री एंड आशीष जैसवाल, और पूर्व जल आपूर्ति मंत्री व ड्रैगन पैलेस टेंपल प्रमुख एड.सुश्री सुलेखाताई कुंभारे शामिल हैं। इसके अलावा, कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष आनंदराव राऊत, कामठी शहर अध्यक्ष मंगेश यादव, महामंत्री रामटेक जिला अनिल निधान, नागपुर जिला कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कामठी प्रभारी राजेश रंगारी भी प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे। स्थानीय निवासियों और जनप्रतिनिधियों का मानना है कि यह पुलिया कामठी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बीच आवागमन को अभूतपूर्व गति प्रदान करेगी। यह केवल एक पुल नहीं है, बल्कि यह पुलिया क्षेत्र की अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन को नई दिशा देने का भी सामर्थ्य रखती है। इससे स्थानीय व्यापार और लोगों के आपसी संपर्क में काफी सुधार आने की उम्मीद है। भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न पदाधिकारियों, जिनमें महिला आघाडी अध्यक्ष सौ.नंदाताई बाराई, प्रदेश सचिव कपिल गायधने, ज़िला कार्यसमिति सदस्य राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल और युवा मोर्चा अध्यक्ष अल्केश लांजेवार सहित अन्य शामिल हैं, ने सभी नागरिकों से इस ऐतिहासिक अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का विनम्र आग्रह किया है।

# दारू पार्टी में दोस्त ने ही दोस्त को लोहे के कड़े से पीटा, मामला दर्ज

**नागपुर.** एमआईडीसी थाना क्षेत्र के झोन चौक स्थित पेट्रोल पंप के सामने बीती रात शराब पार्टी के दौरान हुए झगड़े में एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, रात करीब 11 बजे संदीप किशनाजी पटले (45) निवासी गजानन नगर, एमआईडीसी अपने मित्र बंटी उर्फ शोभनाथ रधगुनाथ यादव (38) के साथ शराब पी रहा था। शराब पीते समय बंटी ने संदीप को अपने घर की बातें बताईं। इस पर संदीप ने आपत्ति जताई और कहा कि 'तुम मुझे घर की बातें क्यों बता रहे हो।' इस मामूली कहासुनी के बाद बंटी गुस्से में आ गया और उसने संदीप को हाथापाई कर हाथ में पहनी लोहे की कड़े से मारपीट की।



# 69वें धम्मचक्र प्रवर्तन दिन पर दो दिवसीय 'धम्मचक्र महोत्सव'

**कामठी.**

भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा बौद्ध धर्म की दीक्षा लेने के ऐतिहासिक दिन की याद में, 69वां 'धम्मचक्र प्रवर्तन दिन' इस वर्ष 1 और 2 अक्टूबर को ड्रैगन पैलेस टेम्पल में दो दिवसीय 'धम्मचक्र महोत्सव' के रूप में भव्यता से मनाया जाएगा। ओगावा सोसायटी द्वारा आयोजित इस महोत्सव में महाराष्ट्र और केंद्र सरकार के कई प्रमुख मंत्रीगण शामिल होंगे।

महोत्सव का विस्तृत कार्यक्रम:- पहला दिन: बुधवार, 1 अक्टूबर 'पंचशिल शांति मार्च' सुबह 10:30 बजे, 69वें धम्मचक्र प्रवर्तन दिन के उपलक्ष्य में 69 मीटर लंबे पंचशील ध्वज के साथ यह मार्च विश्वविख्यात ड्रैगन पैलेस से डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक व संशोधन केंद्र तक निकाला जाएगा। इसका नेतृत्व ओगावा सोसायटी की अध्यक्षा व पूर्व राज्यमंत्री एड. सुलेखाताई कुंभारे करेंगी।




प्रबोधनात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 7 बजे से बुद्ध और भीम गीतों पर आधारित ज्ञानवर्धक और प्रबोधनात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

दूसरा दिन: गुरुवार, 2 अक्टूबर विशेष बुद्ध वंदना और मानवंदना सुबह 10 बजे से, कार्यक्रम की शुरुआत भिक्षुसंघ की प्रमुख उपस्थिति में 'विशेष बुद्ध वंदना' से होगी। इसके बाद सुबह 10:30 बजे समता सैनिक दल, कामठी द्वारा डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा को मानवंदना दी जाएगी। ऐतिहासिक संकल्प का प्रसारण दोपहर 12 बजे, महोत्सव का मुख्य आकर्षण ड्रैगन पैलेस परिसर में 'भारतीय संविधान के दुनिया के सबसे बड़े आकार की प्रतिकृति निर्माण संकल्प' का प्रसारण होगा। इसका शुभारंभ देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र राज्य, के शुभ हाथों से होगा। केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार नितीन गडकरी इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि होंगे, तथा केंद्रीय राज्यमंत्री, भारत सरकार रामदास आठवले की प्रमुख उपस्थिति रहेगी। ग्रिन ए. सी. बस का लोकार्पण दोपहर 01 बजे, रामदास आठवले के सांसद निधि से 'ओगावा सोसायटी', कामठी को प्राप्त हुई 'ग्रिन ए. सी. बस' का लोकार्पण भी उन्हीं के शुभ हाथों से किया जाएगा।

### 'डॉ. आंबेडकर जीवन प्रवास' छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन

मल्टीमीडिया छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन दोपहर 12:50 बजे 'भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर महामानवाचा जीवन प्रवास' नामक मल्टीमीडिया छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन चंद्रशेखर बावनकुळे, महसूल मंत्री, महाराष्ट्र राज्य व पालकमंत्री, नागपुर जिला, के शुभ हाथों से होगा। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, नागपुर के प्रचार अधिकारी सैरभ केकड़े प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। आयोजन की अध्यक्ष व निमंत्रक एड. सुलेखाताई कुंभारे, प्रमुख ड्रैगन पैलेस टेम्पल तथा अध्यक्षा, ओगावा सोसायटी होंगी। यह दो दिवसीय धम्मचक्र महोत्सव ओगावा सोसायटी, विश्वविख्यात ड्रैगन पैलेस टेम्पल और अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के महान कार्यों और बौद्ध धम्म के सिद्धांतों को समर्पित होगा।

# मां दुर्गा के अपमान पर कड़ी कार्रवाई की मांग

### थानेदार उमेश पाटिल को निवेदन, सोशल मीडिया पर आपत्ति



**सावनेर.**

शारदीय नवरात्रि का पर्व पूरे भारत में श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है, वहीं समाज में फूट डालने की नीयत से कलमेश्वर तालुका के कोहली गांव के एक सिरफिरे ने मां दुर्गा पर अश्लील शब्द लिखे और आपत्तिजनक तस्वीरें प्रकाशित की हैं।जिससे सर्वत्र दुर्गोदेवी के भक्तों में तीव्र आक्रोश की लहर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलमेश्वर तालुका के कोहली निवासी संदीप पांडुलिक चंकापुर, उम्र 52, द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान माँ दुर्गा पर अपमानस्पद लेखन करने और अपने फेसबुक पर मां दुर्गा की अश्लील तस्वीरें अपलोड करने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है। जिससे मां जगदम्बे के भक्तों में तीव्र आक्रोश की लहर है और उक्त सिरफिरे के विरुद्ध कलमेश्वर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराकर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। कलमेश्वर पुलिस ने आरोपी संदीप चंकापुर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 299 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 (बी) के तहत मामला दर्ज किया है और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

इस मामले की खबर अब हर जगह फैल रही है और सावनेर शहर के युवा सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक गहरवार, राजेश भारदाज, भाऊ गोतमारे, एंड. मयूरेश देशपांडे, पंकज चरपे, किशोर कुंभारे, हरीश पानपत्ते, राकेश वाघाडे, वेदांत बोबड़े, पंकज साबले आदि सहित कई भक्तों ने भी सावनेर के पुलिस निरीक्षक उमेश पाटिल से मुलाकात कर कठोर कारवाई हेतू ज्ञापन सोपा साथ ही चंद्रशेखर बावनकुले ने राजस्व मंत्री तथा पालक मंत्री, विधायक आशीष देशमुख, मा.हर्ष पोद्दार, पुलिस अधीक्षक नागपुर ग्रामीण आदि को एक लिखित बयान सौंपकर उपरोक्त बदमाश के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है जो हिंदू त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर अनुचित सामग्री पोस्ट करके समाज में नफरत पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।उनपर कठोरतम कारवाई की मांग की गयी.

## जोगा में सामूहिक गरबा प्रशिक्षण से गांव में नवचेतना



**खापरखेडा.** मुख्यमंत्री समृद्ध पंचायतराज अभियान के अंतर्गत जोगा स्थित जिला परिषद प्राथमिक शाला में नवदुर्गा उत्साही महिला मंडल के सौजन्य से सामूहिक गरबा नृत्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। इस विशेष आयोजन में गांव के प्रशिक्षित गरबा प्रशिक्षकों ने छात्र-छात्राओं, युवाओं, महिलाओं और पुरुषों को गरबा की ताल पर पारंपरिक नृत्य का प्रशिक्षण दिया।कार्यक्रम की शुरुआत गांव की सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक घोड़ा नृत्य से हुई। इस अवसर पर हनुमान मंडल के सदस्यों ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में गांव के सरपंच शंकर भाऊ टोंगे, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र मरकाम, उपाध्यक्ष रणूताई मोवाडे, शिक्षिका योगिता बावनकर, मुख्याध्यापक जितेंद्र खुबाळकर, रोजगार सेवक शिवाजी मोवाडे, आंगनवाड़ी सेविका मयुरी मोवाडे, सहायिका स्मिता वडकी, अंबुजा फाउंडेशन के कर्मचारी विष्णुजी सूर्यवंशी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आशा वर्कर सविता मोवाडे, महिला बचत समूह की प्रतिनिधि व सीआरडी मेघा गुरटकर सहित अनेक मान्यवर उपस्थित रहे।

गांव के महिला-पुरुष, युवा तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में इस प्रशिक्षण में सहभागी बने। इस अवसर पर 'दफ्तर मुक्त शाला दिवस' भी मनाया गया, जिससे बच्चों की खुशी दोगुनी हो गई। नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर आयोजित इस गरबा नृत्य प्रशिक्षण ने गांव के वातावरण में नवचेतना और उत्साह का संचार किया।

# शहनाज अख्तर के जस गायन से नवरात्रि महोत्सव में भक्ति की बयार

**कन्हान.**

नवरात्रि के पावन अवसर पर कन्हान के कानपुर केमिकल के भव्य मैदान में आयोजित नवरात्रि गरबा महोत्सव समिति के तत्वावधान में एक अलौकिक और भव्य आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव स्थल पर माता दुर्गा देवी की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसके दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी हुई है। इस आयोजन की एक प्रमुख विशेषता कोलकाता के कारीगरों द्वारा निर्मित भव्य कलाकृति युक्त लकड़ी का मंदिर है, जो अपनी सुंदरता और आकर्षक कलाकारी से सभी का मन मोह रहा है। बीते बुधवार से शुरू हुए इस महोत्सव में प्रतिदिन शाम 7 बजे से विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं, जिसमें 200 से अधिक युवक-युवतियां और महिलाएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। पूरा मैदान रंग-बिरंगी खूबसूरत लाइटिंग और सीरीज से सजाया गया है, जिससे उत्सव का माहौल और भी दिव्य हो गया है।



इस महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में, शुक्रवार, दिनांक 26 सितंबर की शाम को एक विशेष आकर्षण रहा। प्रसिद्ध जस भजन गायिका शहनाज अख्तर ने अपने सहयोगी कलाकारों के साथ शाम 7 बजे से सुंदर जस भजनों की प्रस्तुति दी। उनके भजनों ने पूरे पंडाल में भक्ति और श्रद्धा का संचार कर दिया। इस भव्य कार्यक्रम के लिए एक अलग विशाल मंडप और स्टेज बनाया गया था, और दूर-दूर से आए भक्तों के बैठने की पूरी व्यवस्था की गई थी। जस गायिका की मनमोहक प्रस्तुति ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया और पूरी रात भक्तिमय माहौल बना रहा।

इस सफल आयोजन में महोत्सव समिति के अनेक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपना विशेष सहयोग दिया। कार्यक्रम में आशीष जायसवाल (राज्य मंत्री, महाराष्ट्र राज्य) की उपस्थिति ने गरिमा बढ़ाई। महोत्सव समिति के प्रमुख सदस्यों में अध्यक्ष वरदराज पिल्ले, कार्याध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, महासचिव प्रदीप जायसवाल, शहर प्रमुख गजानन गोरले, डेनियल शेडे, अनिल ठाकरे, अंबादास खंडारे, तनिष्क पिल्ले, अतुल यादव, योगेश मानकर, योगराज अवसरे, अभिशाप पिल्ले, महिला जिला प्रमुख शुभांगी घोघले, महिला अध्यक्ष मनीषा चीखले, लता लुढेरे, निर्मला करनडे, और दिशा पाटिल शामिल रहे। इन सभी के समर्पित प्रयास से कन्हान का यह नवरात्रि गरबा महोत्सव सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

## दुर्गा माता के दर्शन के लिए उमड़ रही भक्तों की भिड़



**पारशिवनी.**

नव चैतन्य दुर्गा उत्सव मंडल की और सै नवरात्रि पर्व पर पारशिवनी शहर मैं माता दुर्गा की स्थापना कर आराधना की जा रही है। हजारों भक्त माता दुर्गा के दर्शन के लिए रोजाना आने सै शहर मै भक्ती मय माहोल दिखाई दे रहा है। माता की जय कारा के साथ धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है।

जहां खुबसुरत सजावट के साथ पंडाल सजाएं गये है। रोजाना महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। भजन, कीर्तन के साथ सामाजिक कार्यक्रमों का भी आयोजन इस नवरात्रि पर्व पर मंडल की और से किया किया गया है।

## पिपला (केवलराम) में स्वच्छता अभियान



**सावनेर.**

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत, ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग द्वारा अंबुजा फाउंडेशन एवं गोमुख विद्यालय के सहयोग से 27 सितंबर को प्रत्येक शनिवार को पिपला (केवलराम) में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इसमें अंबुजा फाउंडेशन के कर्मचारी, शीलवंत गायकवाड़, गोमुख विद्यालय के प्रधानाचार्य आर.जेड. चावड़े, साथ ही मादरे, बम्बल,शेंद्रे, सोमकुवर, हरदे, बोबडे, वंजारी, सुधाकर चरपे के साथ-साथ गांव के नागरिकों ने भाग लिया और स्वच्छता अभियान को अच्छे ढंग से क्रियान्वित किया।

## 'आयुष्मान एक्यूपंक्चर' कॉलेज में प्रवेश शुरू

### छात्रों के लिए सुनहरा अवसर

**नागपुर/कामठी.**

महाराष्ट्र शासन से मान्यता प्राप्त एजुकेशनल मेडिकल पैरामेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया के तहत संचालित आयुष्मान एक्यूपंक्चर कॉलेज एंड हॉस्पिटल, नागपुर ने एक्यूपंक्चर थेरेपी पदविका (डी.ए.टी.) पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है।

यह कोर्स 12 वी के उन छात्रों के लिए एक बेहतरीन अवसर लेकर आया है जो चिकित्सा क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। कॉलेज को महाराष्ट्र शासन के वैद्यकीय शिक्षण व औषधी द्रव्ये विभाग, मुंबई और महाराष्ट्र एक्यूपंक्चर कौन्सिल, मुंबई से विधिवत मान्यता प्राप्त है।

करियर के अवसर और लाभ कॉलेज के अनुसार, इस पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले छात्रों को एक्यूपंक्चर कौन्सिल में पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) मिलेगा। यह प्रमाण पत्र और अंकतालिका सरकारी स्वास्थ्य विभाग या निजी (प्राइवेट) नौकरियों के लिए आवश्यक है। इसके अलावा, छात्र: अपना स्वयं का एक्यूपंक्चर क्लिनिक शुरू कर सकते हैं। अन्य एक्यूपंक्चर मेडिकल कॉलेजों में नौकरी के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।



कॉलेज ने विशेष रूप से यह भी बताया है कि यह 'सर्व सामान्य परिवारों के छात्रों को चिकित्सा क्षेत्र में करियर बनाने का सुनहरा मौका' प्रदान कर रहा है। आयुष्मान एक्यूपंक्चर कॉलेज एंड हॉस्पिटल छात्रों को दर्जेदार (उच्च गुणवत्ता वाली) शिक्षा प्रदान करने का दावा करता है। इसकी विशेषताओं में शामिल हैं: सीधा प्रवेश की सुविधा। अनुभवी और उच्च शिक्षित प्रोफेसरों का एक वर्ग। कंप्यूटर लैब, इंटरनेट, और सीसीटीवी जैसी आधुनिक सुविधाए। संस्था द्वारा देश-विदेश में रोजगार दिलाने के लिए विशेष प्रयास। स्वयं की सुसज्जित और परिपूर्ण इमारत। इच्छुक छात्र प्रवेश के लिए तुरंत संपर्क कर सकते हैं।स्थान: प्लॉट नं. 11, सईद नगर, बालाजी मंदिर के सामने, कलमना रोड, कामठी, नागपुर। मोबाइल: 8651512020, 8651513030, 8888088857, वेबसाइट: डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.आयुष्मानकॉलेज.कॉम, कॉलेज का उद्देश्य छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाना और उन्हें एक सफल पेशेवर बनाना है।

## पोरवाल कॉलेज ने तालुका स्तरीय खेलकूद में भाग लिया

**कामठी.** महाराष्ट्र राज्य खेलकूद एवं युवा निदेशालय, पुणे द्वारा आयोजित सर्वआयु वर्ग की मैदानी खेलकूद प्रतियोगिता 25 सितंबर को राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज विश्वविद्यालय के भौतिक विभाग सिंथेटिक ट्रैक रवि नगर नागपुर में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विद्यालयों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया। इसमें एसके सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज की छात्रा बुलबुल योगेश खरवार ने थाली फेंक और हैमर थ्रो में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। रितिका यादव ने भाला फेंक में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुशाग्र यादव ने भाला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 19 वर्ष आयु वर्ग में 200 मीटर दौड़ में तुषार रीठे प्रथम और पीयूष देशमुख द्वितीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में पीयूष देशमुख प्रथम स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में पोरवाल कॉलेज आगे रहा। तुषार हियर भी 100 में प्रथम आए। मीटर दौड़ में, स्वास्तिक यादव आयु वर्ग 70 बालकों में गोला फेंक में



प्रथम आए और रितिका यादव आयु वर्ग 19 बालिकाओं में गोला फेंक में दूसरे स्थान पर रहीं। 800 मीटर दौड़ में, समीर देशमुख प्रथम और यश गजभिये आयु वर्ग 17 बालिकाओं में दूसरे स्थान पर रहे। पांच किलोमीटर दौड़ में, मीच विलास पाजे ऐसे कई आयोजनों में प्रथम आए। पोरवाल कॉलेज को ऐसी कई स्पर्धाओं में सफलता मिली। कॉलेज का प्रतिनिधित्व कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. मल्लिका नागपुरे ने किया। इन बच्चों का प्रशिक्षण चल रहा था। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. स्वप्निल दहात और उप-प्राचार्य डॉ. सुधीर अग्रवाल और पर्यवेक्षक वी बी वंजारी ने विजय को बधाई दी और आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## भानेगांव में राष्ट्रीय पोषण महा कार्यक्रम सम्पन्न

